# CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL

**KANKE ROAD, RANCHI**

**REVISION ASSIGNMENT**

**Subject: Hindi** **Class: VI**

**खंड क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) ‘पथ की पहचान’ कविता में कवि क्या कहना चाहते हैं? 'सुमन' और 'कंटकों के शर' से कवि का क्या तात्पर्य है?

ख) ‘पथ की पहचान’ कविता में कवि चलने से पहले क्या करने की सलाह देता है? उसके अनुसार जीवन में किसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ने से पूर्व मन में क्या विचार होने चाहिए?

ग) सोना लेखिका के पास कैसे आई थी? उस समय उसकी क्या स्थिति थी?

घ) फ्लोरा कौन थी? सोना को पूजा के बताशे कौन खिलाता था?

ड.) लेखिका के अनुसार कुत्ते और हिरण के स्वभाव में क्या अंतर होता है?

च) आप कैसे कर सकते हैं कि सोना स्नेही और अहिंसक प्रवृत्ति की थी?

छ) ‘वीरों की पूजा’ कविता में कवि मतवाला किसे कह रहा है? वह मतवालों से क्या भूल आने की बात कर रहा है? मतवाले कहाँ जा रहे थे?

ज) चित्तौड़ को तीर्थराज क्यों कहा है? कवि सन्यासी से पथ भूल आने की बात क्यों करता है?

झ) खड्गसिंह कौन था और वह बाबा भारती से क्या चाहता था?

ञ) बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था? घोड़ा वापस प ाकर उसने कैसा महसूस किया?

ट) ‘हार की जीत’ कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**2.** निम्नलिखित पंक्तियों के आशय स्पष्ट कीजिए।

क) यदि मनुष्य दूसरे मनुष्य से केवल नेत्रों से बात कर सकता तो बहुत से विवाद समाप्त हो जाते।

ख) पशु मनुष्य के निश्चल स्नेह से परिचित रहते हैं, उसकी ऊंची - नीची सामाजिक स्थितियों से नहीं।

## खंड ख

**3.** निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) दिन, मेघ, जल, पक्षी, अग्नि ( दो दो पर्यायवाची शब्द लिखें )

ख) जीत, स्वतंत्र, विजय, उतार, उचित ( विलोम शब्द लिखें)

ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें:

1. जो कभी मरे नहीं 2. जिसका कोई अंत न हो 3. प्रतिदिन होने वाला
4. जिसकी कोई सीमा ना हो 5. प्रत्येक सप्ताह में होने वाला

घ) अनल- अनिल, अन्न- अन्य, चिर- चीर, उपकार - अपकार( श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखे)

**4.** क) अपने जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए।

ख) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शुल्क माफ करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**5.** निम्नलिखित विषयों पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

क) मेरा प्रिय खेल ख) स्वास्थ्य और व्यायाम ग) सूर्योदय का दृश्य

**6.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सुबह-सुबह जब सूरज आए,
संग सुनहरी किरणें लाए।
चिड़ियाँ मीठे गीत सुनाएँ,
सबको मेहनत का पाठ पढ़ाएँ।
आलस को हम दूर भगाएँ,
समय पर अपने काम निभाएँ।
मेहनत से जीवन महके,
सपनों के सब फूल चहकें।

क) सुबह कौन आता है?

ख) सूरज अपने साथ क्या लाता है?

ग) चिड़ियाँ क्या सुनाती हैं?

घ) कवि ने किसे दूर भगाने को कहा है?

ड.) हमें अपने काम कब करने चाहिए?

**********